# भारतीय नौसेना दिवस

वर्ष 1971 में भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान **ऑपरेशन ट्राइडेंट** में भारतीय नौसेना के जवाबी हमले को चिह्नित करने के लिये प्रतिवर्ष 4 दिसंबर को ‘**भारतीय नौसेना दिवस**’ मनाया जाता है।




## प्रमुख बिंदु

- **परिचय**
  - भारतीय नौसेना की स्थापना वर्ष 1612 में ईस्ट इंडिया कंपनी द्वारा की गई थी।
  - इस वर्ष, नौसेना ने वर्ष 1971 के युद्ध में भारत की जीत की 50वीं वर्षगाँठ को ‘**स्वर्णिम विजय वर्ष**’ के थीम के साथ मनाने की योजना बनाई है।
- **ऑपरेशन ट्राइडेंट**
  - यह वर्ष 1971 में भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान कराची बंदरगाह पर भारतीय नौसेना द्वारा किया गया जवाबी हमला था।
  - भारत ने इस ऑपरेशन के दौरान पहली बार एंटी-शिप मिसाइलों का इस्तेमाल किया और पाकिस्तानी विध्वंसक जहाज़ ‘**पीएनएस खैबर**’ को नष्ट कर दिया था।
  - भारतीय नौसेना के तीन युद्धपोतों - INS निपत, INS निर्घाट और INS वीर ने हमले में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।
- **भारतीय नौसेना**
  - इसकी अध्यक्षता सर्वोच्च कमांडर के रूप में **भारत के राष्ट्रपति** करते हैं।
  - भारतीय नौसेना का आदर्श वाक्य है- ‘**शं नो वरुणः**’ अर्थात् ‘**जल के देवता वरुण हमारे लिये शुभ हों।**’
  - भारतीय नौसेना के कुछ शुरुआती अभियानों में वर्ष 1961 में गोवा को पुर्तगाल से मुक्त कराने में उसका योगदान शामिल है।
  - परमाणु शक्ति से चलने वाली बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी- ‘आईएनएस अरिहंत’ और कई अन्य जहाज़ों के निर्माण के साथ नौसेना एक सराहनीय बल के रूप में विकसित हुई है।
  - भारतीय नौसेना के पास वर्तमान में एक विमानवाहक पोत- आईएनएस विक्रमादित्य है, जिसे वर्ष 2013 में कमीशन किया किया गया था और यह पूर्व में एक पूर्व रूसी जहाज़ था।
  - यह पनडुब्बियों के तीन वर्गों का संचालन करती है: **चक्र (इसमें परमाणु ऊर्जा से चलने वाला आईएनएस चक्र है), सिंधुघोष और शिशुमार।**
  - INS विक्रांत नाम के स्वदेशी विमान वाहक ने हाल ही में (2021) समुद्री परीक्षण (परीक्षणों के अंतिम चरणों में से एक) शुरू किया है।
  - मरीन कमांडो या मार्कोस भारतीय नौसेना की विशेष बल इकाई है, जिसे युद्ध, आतंकवाद विरोधी, विशेष अभियानों, बंधक बचाव और असममित

युद्ध का संचालन करने हेतु प्रशिक्षित किया जाता है।
  - यह **26/11 के मुंबई आतंकवादी हमलों** में प्रतिक्रिया देने वाला **पहला संगठन** था।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/indian-navy-day